## सार-समाचार

### मूक बधिर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की

**जालोर**, (कासं)। महावीर आवासीय मूक बधिर विद्यालय जालौर में गुरुवार को आनंद मंगल मंगल ग्रुप की ओर से विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं बच्चों को शरीर स्वस्थ रखने के बारे में जानकारी दी गई। आनंद मंगल ग्रुप द्वारा नवरात्र महोत्सव के तहत महावीर आवासीय मुकबधिर विद्यालय में के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच डॉक्टर दिनेश कुमार और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान द्वारा की गई। वही इस अवसर पर उन्होने बच्चो को हमेशा स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शहजाद खान ने मूक बधिर विद्यालय के बच्चों की हमेशा स्वास्थ्य देखभाल का आश्वासन दिया बच्चों ने भी हमेशा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। इस दौरान मूक बधिर के बच्चों ने पढाई लिखाई सहित अन्य गतिविधियों को विधालय के अध्यापक दौलत कुमार गुर्जर एवं हितेश माली द्वारा सांकेतिक भाषा में हाथो द्वारा बताया। वरिष्ठ अध्यापक महेंद्र कुमार श्रीमाली ने भी बच्चों को नियमित रूप से अपने शरीर को साफ सुथरा रखने की बात कही। वहीं उन्होने शिक्षा के बारे में भी जानकारी दी। मूक बधिर विद्यालय के बच्चों को भोजन की व्यवस्था भी आनन्द मंगल ग्रुप तरफ से की गई। कार्यक्रम में मूक बधिर विद्यालय के अध्यापक, दौलत कुमार, रोशनलाल ,संतोष कुमार ,हरिप्रसाद, मालाराम हितेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### जालोर पंचायत समिति में जनसुनवाई की

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले में उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। माण्डवला में पेयजल आपूर्ति, आलासन में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने, आधार कार्ड समस्या का निस्तारण करने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 6 परिवाद की सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कई परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज, विकास अधिकारी प्रदीप मायला सहित कई जने उपस्थित रहे।

### निजी विद्यालय संघ ने समस्याएं बताई

**जालोर**, (कासं)। निजी विद्यालय संघ जालोर ने गुरूवार को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि सत्र 2023-24 को आरटीआई पुनर्भरण राषि नितजी विद्यालयो के खातो में समय पर हो क्योंकि स्थानीय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा करीब एक माह पूर्व ही बिल बनाकर ट्रेजरी भेज दिये थे। लेकिन अभी तक राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों के खातों में आरटीआई भुगतान राशि जमा नहीं हुई है। दोहरा नामांकन की सही आँच की जावे। आरटीआई पोर्टल पर निः शुल्क प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को एक बार पुनः अवसर दिया जाये, आरटीआई टाइम फ्रेम के अनुसार विद्यालयों को समय पर आरटीआई का भुगतान किया जाये। इन्दिरा शक्ति फीस पुनर्भरण योजना , मुख्यमंत्री फीस पुनर्भरण योजना के तहत आरटीआइ का भुगतान करने की मांग की गई। ज्ञापन देने ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, जिलाउपाध्यक्ष बलएस मलावत, ललित सुन्देशा, हुकमाराम, किशनाराम चौधरी सहित कई जने मौजूद थे।

### इंडस्ट्रियल डिजास्टर की मॉक ड्रिल हुई

**बाड़मेर**, (निसं)। राष्ट्रीय आपदा प्रबधंन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को बाड़मेर के नागाणा में मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल में केमिकल (इंडस्ट्रियल) डिजास्टर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। कलैक्टर टीना डाबी, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस, उपखंड अधिकारी वीरमा राम स्काउट सीओ योगेन्द्र सिंह सहित, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक, एनडीआरएपफ, एसडीआरएफ, सेना, पुलिस आदि उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन गेमिंग ऐप से धोखाधड़ी, यूपी व बिहार के पांच युवक पकड़े

- **दो आरोपी दीवार फांदकर फरार, 25 स्मार्टफोन, पाचं लैपटॉप, 33 मोबाइल सिम कार्ड समेत करोड़ों के हिसाब की डायरी मिली**
- **आरोपियों ने बताया कि वे ऑनलाइन गेमिंग ऐप लोटस के जरिए गेम खेलने वालों की जीत और हार को खुद निर्धारित करते थे**

**जोधपुर/बाप**, (कासं)। मकान किराए पर लेकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए फ्रॉड कर रहे यूपी व बिहार के पांच बदमाशों को फलोदी पुलिस ने "ऑपरेशन फायरवॉल" के तहत गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी दीवार फांदकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 25 स्मार्टफोन, पांच लैपटॉप, 33 मोबाइल सिम कार्ड समेत अन्य सामान जब्त किया है। साथ ही करोड़ों रुपए के लेन-देन से संबंधित डायरी भी बरामद की गई है।

फलौदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि बुधवार रात सूचना मिली थी कि फलोदी के मलार रोड स्थित एक बंद मकान में कुछ युवक ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह भाटी, सीओ आयुष वशिष्ठ और थानाधिकारी रामेश्वर दयाल के निर्देशन में उप निरीक्षक खेताराम, हेड कोंस्टेबल प्रदीप, जिला स्पेशल टीम और डीएसटी टीम ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान मकान के ग्राउंड फ्लोर पर पांच युवक लैपटॉप और मोबाइल से ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से धोखाधड़ी करते हुए मिले। मकान की दूसरी मंजिल से दो आरोपी भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान 25 महंगे मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, 7 आधार कार्ड, 24 एटीएम कार्ड, 1 चेकबुक, 29 बैंक खातों की डायरियां, 1 इंटरनेट मॉडेम, 1 डायरी, 6 नोटबुक, 1 बाइक और 33 मोबाइल सिम कार्ड जब्त किए। इन डायरियों और नोटबुक में 60 से अधिक बैंक खातों का विवरण मिला, जिसमें करोड़ों रुपये के लेन-देन का रिकॉर्ड है।

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे ऑनलाइन गेमिंग ऐप लोटस के जरिए गेम खेलने वालों की जीत और हार को खुद निर्धारित करते थे। कम राशि लगाने वाले गेमर्स को जिताया जाता था, जबकि अधिक राशि लगाने वालों को जानबूझकर हाराया जाता था, जिससे बड़ी रकम वसूल की जाती थी।

धोखाधड़ी के लिए ग्रामीणों के बैंक खातों को किराए पर लिया जाता था। खाता यूज करने लिए लोगों को लालच दिया जा रहा था। धोखाधड़ी की राशि का ग्रामीणों के बैंक खातों से लेनदेन होता था। हर सप्ताह हिसाब करके ये खातों से रुपए निकालते थे। इसके लिए आपस में कोड वर्ड में बात करते थे। उन्होंने इस मकान को भी 40 हजार रुपए मासिक किराए पर लिया था, जिसमें ऐशो-आराम की सभी सुविधाएं मौजूद थी। इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए फाइबर कनेक्शन का उपयोग किया जा रहा था।

पुलिस ने चकरां गुंसाई, थाना मही, जिला देवरिया, उत्तरप्रदेश निवासी हरिशंकर यादव पुत्र ज्ञानचंद यादव, पाली थाना सहजनवा जिला गोरखपुर, उत्तरप्रदेश निवासी बलि प्रजापति पुत्र रामशकल कुम्हार, पलिया बाबू पोस्ट गड़ौना जिला देवरिया, उत्तरप्रदेश निवासी दीपेन्द्र श्रीवास्तव पुत्र धनंजय श्रीवास्तव, मिहिरगंज थाना उच्चकागांव जिला गोपालगंज बिहार निवासी रोबिनराज पुत्र राजेश सिंह और मोती छापर मेरवा थाना मेरवा पोस्ट मेरवा जिला सिवान, बिहार निवासी विशाल कुमार पटेल पुत्र अशोक पटेल को गिरफ्तार किया है। वहीं विष्णुनगर सियागों की ढाणी थाना लूणी निवासी सुरेन्द्र कुमार विश्नोई उर्फ सूर्या पुत्र गोरधनराम विश्नोइ और भोमाराम उर्फ दिवाकर भागने में सफल हो गए।

### प्रतिभा सिंह ने 41 परिवेदना सुनी

**बालोतरा**, (नि.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई हुई। उन्होंने 41 परिवेदनाएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को तय समय में इनका समाधान करने और पीड़ितों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये।इस दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल, कल्याणपुर तहसीलदार ओमअमृत समेत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं डॉ. प्रतिभा सिंह ने कलैक्टर सुशील कुमार यादव एवं उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार के साथ कलैक्टर कार्यालय की सहायता, सामान्य, विकास, चुनाव, विधि एवं न्याय शाखा, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, जिला राजस्व का निरीक्षण किया गया। कलैक्टर ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। सफाई एवं व्यवस्थित रिकॉर्ड पर डॉ. सिंह ने संतोष जताया।

# आठ दिन से चल रहे स्वच्छता अभियान का आज समापन

- **स्वच्छता अभियान में सहयोग करने वाले स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे**

**धोरीमन्ना**, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर पिछले आठ दिनों से गायत्री परिवार,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत आज धोरीमन्ना चौराहे से गुडामालानी की ओर जा रही रोड को साफ सुथरा कर स्थानीय नगरवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया।

स्वच्छता अभियान के संयोजक डॉ उदयराज खिलेरी ने बताया कि जिला कलेक्टर के नवो बाडमेर अभियान के तहत धोरीमन्ना कस्बे में शारदीय नवरात्र के शुभारंभ पर शुरु किए गए स्वच्छ धोरीमन्ना स्वच्छ जीवन अभियान के तहत पूरे धोरीमन्ना नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा करने का प्रयास किया गया। जिसमें प्रत्येक दिन अलग अलग क्षेत्र को चिन्हित किया जाता। फिर पर्यावरण सेवक वहां पहूंचकर लोगों को जागरूक करने करने हेतु स्वच्छता अभियान चलाते और रोड़ व गली को कचरा मुक्त करते फिर उस कचरा को ग्राम पंचायत से उपलब्ध ट्रैक्टर ट्राली में भरकर निस्तारण कर देते। लोगों को हिदायत देते कि अपनी गली और रोड को हमेशा इसी तरह साफ सुथरा रखना आप सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। उस जिम्मेदारी को हमेशा निस्वार्थ भाव से निभाईं जाए तो हमारी धरती मां को प्रदूषण से मुक्त किया जा सकेगा।

गायत्री परिवार ट्रस्ट के अनुसार नौ दिन के स्वच्छता अभियान के अंतिम दिन आज आलमजी मंदिर के आगे मैदान की सफाई करते हुए आलमजी मन्दिर से मुख्य बाजार होते हुए पंचायत समिति तक हुए स्वच्छता जागरूक रेली निकाली जाएगी। उपखंड अधिकारी केशव सहाय मीणा,तहसीलदार किरण सिंगारिया,विकास अधिकारी हरमन बिश्नोई, प्रधान इंदु बाला बिश्नोई, सरपंच मनोहर बिश्नोई,गायत्री परिवार के संभागीय प्रभारी सेवानिवृत एसडीएम चुनाराम बिश्नोई सहित स्थानीय प्रशासन उपस्थित रहेंगे। इस दौरान स्वच्छता अभियान में सहयोग करने वाले स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जाएगा।

कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के सह प्रभारी व स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने इस दौरान कहा कि पॉलिथीन के कारण धरती मां बंजर होती जा रही है और रोज हजारों गौमाता पॉलिथीन खाने के कारण काल ग्रसित होती जा रही है। मानव जीवन जीना कठिन हो जायेगा। समय रहते हमने इस समस्या का हल नहीं किया तो भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

## सार-समाचार

### गरबा में स्वच्छता की शपथ दिलाई

**जोधपुर**, (कासं)। नगर निगम दक्षिण की ओर से गांधी मैदान में आयोजित हुए गरबा रास महोत्सव के समापन पर आम जन को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, साथ ही गरबा खेलने आए बच्चों को निःशुल्क डस्टबिन वितरित किए गए। महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने बताया कि गरबा रास महोत्सव को लेकर शहर वासियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया और इस महोत्सव को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नगर निगम दक्षिण की ओर से सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और गरबा खेलने आए बच्चों को डस्टबिन देकर उनसे घर का कचरा डस्टबिन में डालने का ही संकल्प लिया गया। महापौर दक्षिण वनीता सेठ ने बताया कि सभी लोगों ने नगर निगम दक्षिण के " स्वच्छ जोधपुर - स्वस्थ जोधपुर" की मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाने का विश्वास दिलाया। दशहरा महोत्सव के तहत नगर निगम दक्षिण की ओर से शुक्रवार को गांधी मैदान में सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। दशहरा मेला प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि गांधी मैदान में शाम 6:30 बजे महेश शर्मा एंड पार्टी की ओर से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

### अस्थाई हाट बाजार पर कार्रवाई की

**जोधपुर**, (कासं)। तारघर व महावीर कॉम्पलेक्स के पास प्रति माह दस तारीख को लगने वाले अस्थाई हाट बाजार व मेले पर गुरुवार को नगर निगम ने शिकायत मिलन पर कार्रवाई की। निगम दस्ते ने यहां खड़े हाथ ठेला चालकों व अस्थाई विक्रेताओं को हटाया। दरअसल तारघर व महावीर कॉम्पलेक्स के पास प्रति माह दस तारीख को अस्थाई हाट बाजार व मेला लगता है। यहां कई हाथ ठेला चालक सामान बेचने आते है। वहीं कई छुटकर विक्रेता फुटपाथ पर अपनी दुकान सजाते है। इस कारण दस तारीख को यहां दिनभर भीड़ रहती है। गुरुवार को भी यहां यह अस्थाई हाट बाजार लगाया गया लेकिन इस दौरान यहां भारी भीड़ के कारण पास में चल रही एक सभा में व्यवधान पड़ने लगा। ऐसे में पावरफुल लोगों ने शिकायत कर दी। शिक़ायत मिलने पर नगर निगम का अतिक्रमण निरोधक दस्ता यहां पहुंचा और विरोध के बीच हाथ ठेले वाले एवं दुकानदारों पर कार्रवाई की। उन्होंने यहां से हाथ ठेला चालकों व अस्थाई विक्रेताओं को हटवाया।

### गरबा व रावण दहन का उत्सव मनाया

**जोधपुर**, (नि.सं.)। द शांति निकेतन इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ गरबा और रावण दहन का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर गरबा नृत्य किया, जिसमें उनकी मासूमियत और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। विशेष सभा के दौरान, बच्चों से रामायण के विभिन्न पात्रों, कहानियों और उनके पीछे के महत्वपूर्ण सबक पर प्रश्न पूछे गए, जिससे उन्हें रामायण की गहराई को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर सुंदर हिंदी भजन भी गाए गए, जिसने कार्यक्रम को भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के अंत में, रावण दहन का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों को अच्छाई की बुराई पर विजय का महत्व समझाया गया। स्कूल की निदेशक डॉ.शोभा मोदी ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

### मॉक ड्रिल का आयोजन किया

**जोधपुर**, (कासं)। आपदा प्रबन्धन एवं सहायता एवं नागरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जोधपुर जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को उमा पॉलीमर (मैनुफेक्चरिंग) कम्पनी में टाउलिन केमिकल के रिसाव से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति को संभालने के लिए राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देना, सुरक्षा उपायों को परखना और विभिन्न एजेंसियों के समन्वय को परखना था। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आर्मी, सीआईएसएफ, जिला प्रशासन, नागरिक सुरक्षा एवं एनसीसी, स्काउट गाईड व स्थानीय नागरिक इत्यादि इस माक एक्सरसाइज का हिस्सा बने। जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा कि यह राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न एजेंसियों के समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की परख की गई। इस अभ्यास से जोधपुर जिला प्रशासन को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को और मजबूत करने का अवसर मिला है।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार


श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

अंतरराष्ट्रीय
बालिका दिवस
11 अक्टूबर, 2024

सफल समाज का वचन, हर बेटी को जीवन

पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कानूनी अपराध है

वैधानिक चेतावनी

गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम-1994 (PCPNDT) के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण करना अथवा करवाना, इसके लिए सहयोग देना व विज्ञापन करना कानूनी अपराध है। उपरोक्त कृत्य के लिए 3 से 5 वर्ष तक का कारावास एवं 10 हजार से 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

3 लाख रु. तक का इनाम

भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना पर

आपके क्षेत्र में कोई व्यक्ति इस कार्य में लिप्त है तो टोल फ्री नं. 104/108 या वाट्सएप नं. 9799997795 पर शिकायत दर्ज कराएं, मुखबिर की पहचान गोपनीय रखी जाएगी



राजस्थान संवाद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, (आई.ई.सी.) राजस्थान, जयपुर